SC

[A-80] No. of printed pages: 02

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (VI Semester) Examination**
**Tuesday, 29th March**
**2016**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**UA06CHLT17 - Hindi Paper - XVII**
**प्राचीन एवम् मध्यकालीन कविता**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (**कोई तीन**) (१५)

१) ''लरिकाई को प्रेम, कहौ अलि, कैसे करिकै छूटत ?
कहा कहौं ब्रजनाथ-चरित अब अन्तरगति यों लूटत ?
चंचल चाल मनोहर चितवनि, वह मुसुकानि मंद धुनि गावत।
नटवर भेस नन्दनन्दन को वह बिनोद गृह बन तें आवत ।।
चरनकमल की सपथ करति हौं यह संदेश मोहिं बिष सम लागत।
सूरदास मोहि निमिष न बिसरत मोहन मूरति सोवत जागत ।।''

२) ''जोग ठगौरी ब्रज न बिकै है।
यह व्यापार तिहारो ऊधो ! ऐसाई फिरि जैहे ।।
आपै लै आए हौ मधुकर ताके उर न समैहे।
दाख छाँडि कै कटुक निबौरी को अपने मुख खैहै ?
मूरी के पातन के फैना को, मुक्ताहल दैहै।
सूरदास प्रभु गुणहि छाँडि कै को निर्गुण निरबैहै ।।''

३) ''मेरी भव बाधा हरौ राधा नागरि सोइ।
जा तन की झाँई परत, स्यामु हरित दुति होई ।।''

४) ''लिखन बैठी जाकी सबी, गहि गहि गरब गरूर।
भए न केते जगत के चतुर चितेरे कूर।''

५) ''अजौं न आए सहज रंग, बिरह-दूबरैं गात।
अब हीं कहा चलाइयति, ललन चलन की बात।''

प्र.२ ''भ्रमरगीत में ज्ञान पर प्रेम की विजय है''- इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए।

१) सूरदास का व्यक्तित्व एवं कृतित्व।

२) भ्रमरगीत का कथानक।

प्र.३ बिहारी के काव्य में निरुपित संयोग श्रृँगार की प्रमुख विशेषताओं को सोदाहरण समझाईये । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

१) विविध शास्त्रों के ज्ञाता बिहारी ।

२) रीति सिद्ध कवि बिहारी ।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिए । (**कोई एक**) (०८)

१) 'भ्रमरगीत': शीर्षक एवं उद्देश्य ।

२) 'बिहारी सतसई' का सतसई परंपरा में स्थान ।

(ब) निम्न अतिलघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्हीं सात** के उत्तर लिखिए । (०७)

१) हिन्दी साहित्य के पूर्वमध्यकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

२) कृष्ण से संबंधित प्रमुख ग्रंथ कौन सा है ?

३) वल्लभाचार्य के शिष्यों के नाम लिखिए ।

४) कृष्ण ने उद्धव को ब्रज क्यों भेजा ?

५) हिन्दी साहित्य में कृष्णकाव्य धारा को भारत-व्यापी बनाने का श्रेय किसको जाता है ?

६) "जनम ग्वालियर जानिये, मथुरा बसि ससुराल" यह पंक्ति किस कवि की है ?

७) 'बिहारी सतसई' में कितने दोहे हैं ?

८) बिहारी का सर्वाधिक प्रिय अलंकार कौन सा है ?

९) जयसिंह राजा की पटरानी ने बिहारी को कौन सा ग्राम पुरस्कार में दिया ?

☺☺☺☺☺